प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के छात्रावासों पर किया गया वृक्षारोपण

पन्तनगर। 19 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के सभी सात छात्रावासों एवं महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत अधिष्ठात्री डा. अलकनंदा अशोक के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारम्भ टेगौर भवन छात्रावास से किया गया, उसके उपरांत पटेल भवन, सिल्वर जुबली भवन, विश्वैश्वेरेया भवन, मंदाकनी भवन, सरस्वती भवन एवं डा. भीम राव अम्बेडकर भवन छात्रावास में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय में पोधारोपण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठात्री ने वृक्षों के महत्व एवं हमारे जीवन पर उनके प्रभावों के बारे में बताया और सभी उपस्थित संकाय सदस्यों एवं कार्मियों को अधिक मात्रा में वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित भी किया। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय के हर एक इकाई द्वारा हरेला पर्व मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की अधिष्ठात्री के साथ सभी विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वृक्षारोपण के अंतर्गत अशोक, अलमांडा, नीम, पलाश, जामुन आदि के लगभग 100 वृक्ष रोपित किए गए।

1: वृक्षारोपण करती अधिष्ठात्री डा. अलकनंदा अशोक एवं अन्य अधिकारी।

निदेशक संचार